


# दैनिक भारतीय बस्ती



भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 29 सोमवार 19 अगस्त 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### डाक्टर से दुष्कर्म मामले का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, सुनवाई 20 को



नई दिल्ली (आभा)। शीर्ष कोर्ट की वेबसाइट पर 20 अगस्त की सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करेगी। यह मामला कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या से जुड़ा है।

### चंपाई सोरेन ने कर दी खुली बगावत



नई दिल्ली (आभा)। बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बीच चंपाई सोरेन ने खुली बगावत कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर खुला पत्र लिख जेएमएम से अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि इस वक्त उनके पास तीन विकल्प हैं जिनमें से वह कोई भी विकल्प चुन सकते हैं।

उन्होंने अपने पोस्ट में जेएमएम से नाराजगी की वजह बताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद बतौर सीएम उनके कार्यक्रमों को उन्हें बिना बताए रद्द कर दिया गया और जब उन्होंने इस बारे में सवाल किया तो उन्हें बताया गया कि 3 जुलाई को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है और उस बैठक तक वह बतौर सीएम किसी भी कार्यक्रम में नहीं जा सकते। उन्होंने कहा, क्या लोकतंत्र में इस से अपमानजनक कुछ हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे? अपमान का यह कड़वा घूंट पीने के बावजूद मैंने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण सुबह है, जबकि दोपहर में विधायक दल की बैठक होगी, तो वहां से होते हुए मैं उसमें शामिल हो जाऊंगा। लेकिन, उधर से साफ इंकार कर दिया गया।

### जयंती पर संगीत की विभूतियों को किया नमन्



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती पंडित ज्वाला प्रसाद संगीत सेवा संस्थान बस्ती द्वारा आज विष्णु नारायण भातखंडे एवं विष्णु दिगंबर पलुस्कर जी की जयंती मनाई गई।

संगीत शिक्षक राजेश आर्य ने कहा कि दोनों विभूतियां शास्त्रीय संगीत के पुनर्जन्म जागरण के अग्रदूत थे जिन्होंने संगीत के प्रचार में विभिन्न संगीत सम्मेलनों का आयोजन किया साथ ही साथ संगीत उपयोगी पुस्तकों को भी लिखकर प्राचीन बंदिशें का संकलन किया। संगीत शिक्षिका ज्योति कुमारी ने कहा कि भातखंडे जी द्वारा स्थापित प्राचीन मैरिज म्यूजिक कॉलेज जिसका आधुनिक नाम भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय है जिसमें आज भी बहुत सारे संगीत के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर स्नातक व परस्नातक की डिग्री प्राप्त कर रहे हैं।

प्रबंधक विनोद कुमार उपाध्याय एवं सचिव संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित पलुस्कर जी द्वारा सिखाए गए शिष्य ओंकारनाथ ठाकुर ,बी आर देवघर आदि शिष्यों द्वारा संगीत का प्रचार प्रसार किया गया जो आज भी नए विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रहा है ।

कार्यक्रम में रणविजय, आदित्यनाथ त्रिपाठी ,शैलेश, सदरे आलम ,आदर्श ,प्रमोद कुमार ,विकास ,नव्या नीलू ,अपर्णा अंशिका स्वरीशा स्वारांग श्वेता, अंकित ,सुधाकर सहित अनेको बच्चे मौजूद थे।

# 69000 शिक्षक भर्ती पर गरमायी राजनीति केशव के बयान को अखिलेश ने बताया साजिश





लखनऊ (आभा)। 69000 शिक्षक भर्ती मामले में हाईकोर्ट के दिए गए निर्णय को अभ्यर्थियों के संघर्ष की जीत बताने वाले उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आड़े हाथों लिया है जिसके बाद उन्होंने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि दर्द देने वाले, दवा देने का दावा न करें। इस पर केशव प्रसाद ने भी पलटवार किया है।

बता दें कि हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमावली का पालन न करने पर सरकार द्वारा बनाई गई चयन सूची रद्द कर दी थी जिसके बाद से अखिलेश यादव यूपी सरकार पर लगातार हमलावर हैं। रविवार को अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद पर तंज कसते हुए लिखा कि दर्द देनेवाले, दवा देने का दावा न करें!

69000 शिक्षक भर्ती मामले में उत्तर प्रदेश के एक 'कृपा–प्राप्त उप मुख्यमंत्री जी' का बयान भी साजिशाना है। पहले तो आरक्षण की हकमारी में खुद भी सरकार के साथ संलिप्त रहे और जब युवाओं ने उन्हीं के खिलाफ लड़कर, लंबे संघर्ष के बाद इंसाफ पाया, तो अपने को हमदर्द साबित करने के लिए आगे आकर खड़े हो गये। दरअसल ये 'कृपा–प्राप्त उप मुख्यमंत्री जी' शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के साथ नहीं हैं, वो तो ऐसा करके भाजपा के अंदर अपनी राजनीतिक गोटी खेल रहे हैं। वो इस मामले में अप्रत्यक्ष रूप से जिनके ऊपर उँगली उठा रहे हैं, वो 'माननीय' भी अंदरूनी राजनीति के इस खेल को समझ रहे हैं।

शिक्षा और युवाओं को भाजपा अपनी आपसी लड़ाई और नकारात्मक राजनीति से दूर ही रखे क्योंकि भाजपा की ऐसी ही सत्ता लोलुप सियासत से उत्तर प्रदेश कई साल पीछे चला गया है।

इस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जवाब दिया कि सपा बहादुर कांग्रेस मोहरा अखिलेश यादव का पीडीए बहुत बड़ा धोखा है। झूठ बोलने की आटोमैटिक मशीन बनी सपा लोकसभा चुनाव में जैसे संविधान खत्म हो जाएगा का दुष्प्रचार किया, उसी प्रकार पीडीए का झूठ फैला रहे हैं।

बता दें कि शिक्षक भर्ती में अभ्यर्थी लंबे समय से आरक्षण नियमों का पालन न करने का आरोप लगा रहे थे। इस मुद्दे पर कई याचिकाएं कोर्ट में दी गई थीं। शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चयन सूची रद्द कर सरकार को नई सूची जारी करने के लिए तीन महीने का समय दिया है।




## बहू बेटियों के साथ दुराचार, हत्या के विरोध में निकाला कैन्डिल मार्च




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। रविवार को बी. आर. फाऊंडेशन के चेयरमैन के.पी. राठौर के नेतृत्व में कैन्डिल मार्च निकालकर पश्चिम बंगाल में ट्रेनी महिला चिकित्सक से सामूहिक दुराचार और हत्या एवं बिहार राज्य के गया में नाबलिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का विरोध दर्ज कराया गया। कैन्डिल मार्च एपीएन पीजी कॉलेज से चलकर शास्त्री चौक स्थित तिरंगा चौराहे तक पहुंचा। यहां बी. आर. फाऊंडेशन के चेयरमैन के.पी. राठौर ने कहा कि देश में बहू बेटियों की अस्मत खतरे में हैं। जब ट्रेनी डाक्टर तक सुरक्षित नहीं हैं तो समझा जा सकता है कि स्थितियां कितनी बिकट है। जिशान फारूकी और रेनू बाला, सलमान शाह, राज यादव, विक्रम गौतम एडवोकेट ने केन्द्र और राज्य सरकारों से मांग किया कि दोषियों

### –ट्रेनी डाक्टर तक सुरक्षित नहीं: कठोर कदम उठाये सरकार– के.पी. राठौर

को कड़ी सजा देने के साथ ही बहू बेटियों की रक्षा के लिये प्रभावी कदम उठाने की मांग किया। कहा कि देश में दुष्कर्म और हत्या के साथ ही महिलाओं पर जुल्म और अत्याचार के मामले लगातार बढ रहे हैं जो चिन्ता का विषय है। कैन्डिल मार्च में मुख्य रूप से अनूप कुमार,, अशोक सम्राट, भूपेन्द्र कुमार, मूलचंद आजाद, संदीप गोयल, देवेन्द्र कुमार, सोनू कुमार, रिजवान , आकाश सम्राट, प्रशांत गौतम, भालचंद, राहुल कुमार, मोहम्मद कलाम, गोविंद प्रसाद, अभय, शोएब, अनूप, रवि, हिमांशु, संतोष भारती, अभिनव, दीपराज के साथ ही विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

# दुराचार का फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर ठगी करने वाले गिरोह के मामले की आई.जी. करेंगे जांच

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जनपद में महिलाओं को रूपया दिलाने का लालच देकर निर्दोष लोगों को दुराचार तक के मामलों में षड़यंत्र पूर्वक फंसाने और दबाव बनाकर धन उगाही कराने का गिरोह सक्रिय है। इस मामले में गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी निवासी शशिकान्त पुत्र स्वर्गीय रामचन्द्र ने मुख्यमंत्री से शिकायत किया। उनके पत्र पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने आई. जी. बस्ती को मामले की जांच सौंपते हुये विधि सम्मत कार्यवाही की अपेक्षा किया है।

मुख्यमंत्री को दिये पत्र में शशिकान्त ने कहा है कि जनपद में अनेक लोग षड़यंत्रकारियों के चंगुल में फंसकर तबाह और बरबाद हो रहे हैं और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा से खिलवाड़ किया जा रहा है। गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी निवासी दिलीप कुमार पुत्र सिद्धनाथ गैंग के सरगना के रूप में सक्रिय है। जांच कराने पर अनेक मामले सामने आ जायेंगे।

शशिकान्त ने अनेक घटनाओं का हवाला देते हुये कहा है कि एसपी को दिये शपथ पत्र और प्रार्थना पत्र में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की करमा निवासिनी मिथलेश ने कहा है कि उसने गत 20 जुलाई 2024 को एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को दिया था जो गलत है। वह 20 जुलाई को अपने निजी काम से बस्ती कचहरी गयी थी वहां पर उससे गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी निवासी दिलीप पाण्डेय मिले और उनके साथ में दो लोग और थे जो अपने को पत्रकार बता रहे थे । कहा कि तुम्हारा कौन सा काम है जो नही हो रहा है। अगर तुम हमारा



### –मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव ने दिया मामले की जांच: कार्यवाही का निर्देश

एक काम कर दो तो हम चलकर आपका सारा काम करवा देंगे तथा तुमको काफी पैसा भी दिलवा देंगे । इसी लालच में आकर उसने जो दिलीप पाण्डेय ने कहा और टाईप कराकर जो प्रार्थना पत्र लाए उस अपना हस्ताक्षर बना दिया। उस प्रार्थना पत्र को उसने पढा नहीं था। बाद में दिलीप पाण्डेय द्वारा बताया गया तब उसने मना कर दिया तो उसे डराने व धमकाने लगे जबकि जो प्रार्थना पत्र दिया गया वह गलत एवं फर्जी है उसके साथ कोई गलत काम नही हुआ है और कोई घटना नहीं घटा है। मिथलेश ने कहा है कि जो नाम लिखा गया है उसे उसने कभी नहीं देखा और न ही पहचानती हूँ। गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी निवासी दिलीप पाण्डेय द्वारा जो लिखाया गया जो गलत है उसके द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में जितेन्द्र पाण्डेय व शशिकान्त तथा नन्द किशोर यादव निर्दोष हैं इसमें इन लोगो का कोई गलती नही है यह प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाय । उसे कोई कानूनी कार्यवाही व मुकदमा नही करना है।

ढोढरी निवासी शशिकान्त के अनुसार संगीता पत्नी दिनेश कुमार निवासी ग्राम मदारजोत ने थाना–पुरानी बस्ती ने एसपी को दिये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके गाँव के कुछ लोग समूह के नाम पर कुछ लोगो से तथा उससे आधार कार्ड, फोटो तथा सादे कागज पर हस्ताक्षर बस्ती से दिलीप पाण्डेय व उनके दो लोग जा करके पूरा फाइल तैयार कराकर लेकर आये और उन लोगो के नाम से कोर्ट में फर्जी 156 (3) के तहत झूठे अनजान व्यक्तियों पर मुकदमा करवाते है। जिससे बाद में उन व्यक्तियों से मिलकर सुलह समझौता के तहत अच्छा रकम लेते है जिससे हम लोगो को अपमानित होना पड़ता है और बलात्कार जैसा झूठा आरोप लगवाते है। फिर उन लोगों के ऊपर दबाव बनाकर रूपये की वसूली करते है और मोबाइल नम्बर 6391194326 से बार बार धमकी आ रही है कि अगर कही शिकायत करोगी तो तुम्हारी इज्जत लूट लेंगे और तुम्हे जान से मरवा देंगे। ऐसी स्थिति वह काफी परेशान व भयभीत है। समाज में उसके इज्जत की धज्जिया उड़ रही है। उसने आग्रह किया है कि उक्त लोगो से लिया गया आधार कार्ड, फोटो तथा सादे कागज पर हस्ताक्षर वापस दिलाने तथा उपरोक्त लोगो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कराया जाय।

बहरहाल फर्जी मुकदमों में फंसवाकर लोगों से धन उगाही करने वालों का सच प्रार्थना पत्र से सामने आ गया है। अब निगाहें आई.जी. बस्ती परिक्षेत्र के जांच पर टिकी है कि दुराचार के मनगढन्त मामलों में षड़यंत्र पूर्वक फंसाने और दबाव बनाकर धन उगाही कराने के गिरोह के सक्रिय लोगों पर कब और किस प्रकार की कार्यवाही होगी।

## मुण्डेरवा में चलती मालगाड़ी पर गिरा पेड़



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मुंडेरवा रेलवे स्टेशन से बस्ती की ओर जा रही मालगाड़ी के ऊपर मुंडेरवा स्टेशन से लगभग 500 मीटर पश्चिम एक पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने के कारण आग लग लग गई। चिंगारी और धुंआ उठता देखकर मालगाड़ी के चालक ने इंजन से कूदकर अपनी जान बचाई। पेड़ गिरने से इंजन का पेंटोग्राफ टूट गया। हादसा सुबह लगभग 5.30 बजे हुआ। सूचना पर पहुंची रेलवे की टीम ने ट्रैक पर गिरे पेड़ को हटाकर ट्रैक खाली कराया। सुबह 7.03 बजे लाइन क्लीयर होने पर गाड़ियों की आवाजाही शुरू हुई। एडवांस सिग्नल के पास पोल संख्या 554/33 से 37 के बीच अप ट्रैक पर जा रही मालगाड़ी पर पेड़ गिरने के बाद मालगाड़ी ट्रैक पर ही खड़ी हो गई। ट्रैक बाधित होने की सूचना पर वंदेभारत एक्सप्रेस को चुरेब स्टेशन पर रोक दिया गया। ग्वालियर–बरौनी, इंटरसिटी, लखनऊ–बरौनी सहित आधा दर्जन ट्रेनें जहां पहुंची थी, उसी नजदीकी स्टेशन पर खड़ी कर दी गईं। ट्रैक क्लीयर होने की सूचना पर सबसे पहले मालगाड़ी को रवाना किया गया, इसके बाद एक–एक कर गाड़ियों को गुजारा गया।

## शहीदों के परिजनों के साथ विधायक अजय सिंह ने किया 19 स्मृति द्वारों का उद्घाटन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। हरैया विधानसभा के अंतर्गत 1 करोड़ 52 लाख की लागत से बने 19 स्मृति द्वारों का उद्घाटन रविवार को किया गया। हरैया विधायक अजय सिंह ने संबंधित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित करके और उनके साथ स्मृति द्वारों का उद्घाटन किया। जिसमें सिकंदरपुर में संत सूरदास कबीर तुलसी स्मृति द्वार, घघौवा पुल पर पंडित अटल बिहारी वाजपेई स्मृति द्वार, रिधौरा में श्री विंध्यवासिनी प्रसाद स्मृति द्वार, खतमसराय चौराहे पर रानी लक्ष्मीबाई तथा चंद्रगुप्त मौर्य स्मृति द्वार, पठकापुर चौराहे पर चंद्रशेखर आजाद स्मृति द्वार, विक्रमजोत अमारी हसीनाबाद मार्ग पर महाराणा प्रताप स्मृति द्वार, अकवारा अमारी रोड पर देवनाथ सिंह स्मृति द्वार, रमहटिया में रामलौट अहिर स्मृति द्वार, पचवस में श्री इंद्रासन सिंह स्मृति द्वार, विक्रमजोत ब्लॉक पर राजा जालिम सिंह तथा महारानी तलाश कुंवारी स्मृति द्वार, छावनी चौराहे पर उमाशंकर स्मृति द्वार, दुबौलिया रोड पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह तथा अमर शहीद कप्तान अवधदूत सिंह स्मृति द्वार, जद्दूपुर छावनी में श्री राम अधार सिंह स्मृति द्वार, धिरौली बाबू में बंब बहादुर सिंह स्मृति द्वार सहित कुल 19 स्मृति द्वारों का उद्घाटन किया गया। विधायक अजय सिंह ने कहा कि इन स्मृति द्वारों का निर्माण कराना मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। यह स्मृति द्वार उन वीरों और महापुरुषों को समर्पित है जिन्होंने हमारे देश की स्वतंत्रता और विकास के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। इस स्मृति द्वारों के माध्यम से हम उनके संघर्ष और बलिदान को सदा याद रखेंगे और आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह, सरोज मिश्र बाबा, उमेश मद्धेशिया, सीताराम गुप्ता, डिप्टी प्रधान, अरविंद सिंह, अखिलेश सिंह, रामपाल मिश्र, डॉ० घनश्याम सिंह, मन्ने सिंह, प्रमोद सिंह, रविन्द्र सिंह, सीताराम मौर्य, आशीष गुप्ता, सुनील जयसवाल, महेन्द्र सिंह, सोनू सिंह, राम ललित पाण्डेय, संजय सिंह, वीरू सिंह, दीनू सिंह, सूरज सिंह, आलोक सिंह, अजीत विश्वकर्मा, अमन सिंह, हनी सिंह, दुर्गेश सिंह, लवकुश वर्मा, मुन्ना सिंह, प्रशांत सिंह, राधे सिंह, लालबहादुर, लल्लू चौधरी, राजन पाण्डेय, जय सिंह, अजीत सिंह बबलू, आशीष शुक्ला, लवकुश मोदनवाल, शिखर सिंह, मनोज सिंह, अनुपम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता अंकुर ने किया प्रधानमंत्री सूर्य घर सोलर योजना कार्यालय का उद्घाटन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–




बस्ती । नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने ब्लाक रोड पुलिस चौकी के निकट प्रधानमंत्री सूर्य घर सोलर योजना के कार्यालय का उद्घाटन किया। कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार बिजली संकट को दूर करने के लिये गंभीर है और प्रधानमंत्री सूर्य घर सोलर योजना लोगों के लिये वरदान साबित होगी। सरकार 75 प्रतिशत का अनुदान दे रही है और इसमें आसानी से लोगों को 300 यूनिट बिजली निःशुल्क प्राप्त होगी और बिजली कटौती जैसी समस्या से मुक्ति मिलेगी।

कामन सर्विस सेण्टर के जिला प्रबन्धक राहुल सिंह ने उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को बताया कि इच्छुक उपभोक्ता बिजली का बिल, पासबुक आदि उपलब्ध कराकर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। अति शीघ्र उनके घरों पर प्रधानमंत्री

### –75 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगा सोलर पैनल

सूर्य घर सोलर पैनल लगवा दिया जायेगा। इसके लिये सरकार द्वारा फाइनेन्स और सब्सिड़ी की व्यवस्था की गई है। अब तक शिविर लगाकर 150 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराया जा चुका है।

उद्घाटन अवसर पर सभासद मंजू श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, मनमोहन श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, शिवम, रोहन, शेखर, अभिषेक, लकी के साथ ही क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## महेन्द्र श्रीवास्तव कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बने: आरटीआई विभाग को मजबूत करने की मिली जिम्मेदारी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–




बस्ती । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने महेन्द्र श्रीवास्तव को सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। इसके पूर्व वे आर. टी.आई. विभाग के प्रदेश महासचिव एवं गोरखपुर– बस्ती मण्डल प्रभारी के रूप में कांग्रेस को मजबूती दिलाने की दिशा में योगदान दे रहे थे। उन्हें यह दायित्व निरन्तर निष्ठा से कार्य करने को लेकर दिया गया है।

महेन्द्र श्रीवास्तव को सूचना का अधिकार विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, राम जियावन, अफसर यू अहमद के साथ ही बसन्त चौधरी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, मो. रफीक खां, बाबूराम सिंह, विश्वनाथ चौधरी, अमित प्रताप सिंह, गिरजेश पाल, सूर्यमणि पाण्डेय, अवधेश सिंह, डा. वाहिद सिद्दीकी, प्रदीप कुमार, पूर्णवासी, रामकेश, पूनम आजाद, रीता साहनी, मंजू देवी, सोनगुना, हसीना खातून, पूनम देवी, अनीता, सितारा, रीतू चौधरी, विद्या वर्मा, सुमन, मंजू पाण्डेय के साथ ही कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। कहा कि महेन्द्र श्रीवास्तव कांग्रेस के मजबूत सिपाही हैं, निश्चित रूप से वे आर. टी.आई. विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में प्रदेश में कांग्रेस को और मजबूती देंगे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
**भारतीय बस्ती**
बस्ती 19 अगस्त 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

### घटता ब्याज दर, बिखरते सरोकार


किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत का पता इस बात से भी चलता है कि उसके बैंकों का कारोबार कैसा है। बैंकों का कारोबार मुख्य रूप से लोगों से जमा आकर्षित करने और उसे कर्ज के रूप में देकर उससे ब्याज कमाने से चलता है। मगर इस समय भारतीय बैंकों में जमा और कर्ज का अंतर काफी बढ़ गया है। इसे लेकर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की चिंता स्वाभाविक है। पिछले दिनों मौद्रिक समीक्षा के वक्त आरबीआइ के गवर्नर ने बैंकों से इस अंतर को पाटने के लिए विशेष योजनाएं चलाने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि बैंक ब्याज दरें निर्धारित करने को स्वतंत्र हैं। यही बात केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआइ गवर्नर के साथ बैठक में कही। वित्तमंत्री ने कहा कि बैंक अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान दें। लोगों से जमा आकर्षित करने के लिए वे आकर्षक योजनाएं चला सकते हैं। दरअसल, सार्वजनिक बैंक निवेश की कमी के चलते गंभीर परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। कायदे से बैंक अपनी ब्याज दरें रेपो दरों से आधा से लेकर एक फीसद तक ऊपर रख सकते हैं। मगर इस मामले में भी उन्हें कुछ राहत दी गई है, फिर भी उनके पास अपेक्षित जमा नहीं आ पा रहा।

पिछले कुछ वर्षों से लोगों की आमदनी लगातार कम हुई है। इसकी वजहें साफ हैं। पिछले कुछ वर्षों से लोगों की आमदनी लगातार कम हुई है। पहले जीएसटी की वजह से छोटे कारोबारियों पर बुरा असर पड़ा, फिर कोरोनाकाल में पूर्णबंदी के बाद बहुत सारे कारोबार बंद हो गए, लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं। जिन लोगों के पास नौकरियां हैं भी, उनके वेतन में तुलनात्मक रूप से काफी कम बढ़ोतरी हुई है, जबकि महंगाई काफी बढ़ गई है। इस तरह बहुत सारे लोगों के पास बचत के लिए पैसे हैं ही नहीं कि उन्हें वे बैंकों में रखें। बल्कि इसका उलट यह हुआ है कि छोटे-छोटे काम के लिए भी लोगों को कर्ज लेने पड़ रहे हैं। कर्ज पर ब्याज की भरपाई करना भी बहुत सारे लोगों के लिए कठिन बना हुआ है।

बचत के बारे में लोग तब सोचते हैं, जब उनके पास जरूरी खर्चों से अधिक आमदनी होती है। मगर सरकार लगातार इस हकीकत पर पर्दा डालने का प्रयास करती रही है कि रोजगार और आमदनी के स्रोत लगातार घटे हैं। कुछ दिनों पहले आम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने खुद दोहराया था कि बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है, गरीबी लगातार कम हो रही है। अगर सचमुच ऐसा होता, तो सरकार को इस तरह बचत बढ़ाने को लेकर चिंतित न होना पड़ता। बैंकों में लोगों द्वारा जमा बचत से राष्ट्रीय बचत बनती है। जिस देश के पास राष्ट्रीय बचत जितनी अधिक होती है, उसे अपनी विकास परियोजनाएं चलाने में उतनी ही आसानी होती है। मगर इस वक्त जब चालू खाते में जमा की दर चिंताजनक देखी जा रही है, तो लंबे समय के लिए चलाई जाने वाली बचत योजनाओं में निवेश को लेकर क्या ही दावा किया जा सकता है। अगर बैंक आकर्षक योजनाएं लेकर आएंगे और उन पर अधिक ब्याज की पेशकश भी करेंगे, तो कितने लोग आकर्षित हो पाएंगे, कहना कठिन है। जीवन में बचत अथवा संचय का उतना ही महत्व है जितना कि आमदनी का । मनुष्य की आमदनी कितनी ही अधिक हो परंतु यदि उसमें संचय की प्रवृत्ति नहीं है तो उसे समय-समय पर अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मनुष्य का जीवन विभिन्न उतार-चढ़ावों से परिपूर्ण होता है । सुख और दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं । करोड़पति व्यक्ति भी दूसरे पल ही कंगाली की अवस्था में पहुँच सकता है । इन परिस्थितियों में मनुष्य की बचत अथवा संचय की प्रवृत्ति उसे उबारने में विशेष सहायता प्रदान करती है । वास्तविक रूप में बचत आमदनी का ही एक रूप है ! विसंगति यह की जब रोजमर्रा की जरूरतें पूरी न हों तो लोग करें तो क्या करें। सरकारी योजनाओं के तहत कर्ज देने की बाध्यता और उनके वापस न लौट पाने, फिर बड़े पैमाने पर कर्जमाफी के चलते भी सार्वजनिक बैंकों के जमा और कर्ज में अंतर आया है। ऐसे में, सरकार बुनियादी पहलुओं पर काम करने के बजाय बैंकों पर दबाव बना कर शायद ही इस समस्या से पार पा सकेगी।

# रंग-बिरंगे धागों से बंधा पवित्र बंधन

**—प्रियंका सौरभ—**



भाई—बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों, भाई—बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक—दूसरे के मार्गदर्शक होते है। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई—बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक्त क्या दशा होती है इसके लिए शब्द नहीं है। रंग—बिरंगे धागे से बंधा ये पवित्र बंधन सदियों पहले से हमारी संस्कृति से बहुत ही गहराई के साथ जुड़ा हैं। यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है। भाई—बहन के आपसी अपनत्व, स्नेह और कर्तव्य बंधन से जुड़ा त्योहार भाई—बहन के रिश्ते में नवीन ऊर्जा और मजबूती का प्रवाह करता है। बहनें इस दिन बहुत ही उत्साह के साथ अपने भाई की कलाई में राखी बांधने के लिए आतुर रहती हैं। जहां यह त्योहार बहन के लिए भाई के प्रति स्नेह को दर्शाता है तो वहीं यह भाई को उसके कर्तव्यों का बोध कराता है।

रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बाँधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे—जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं।

रंग—बिरंगे धागों में अब अपनत्व की भावना और प्रेम की गर्माहट कम होने लगी है। एक समय में जिस तरह के उसूल और संवेदना राखी को लेकर थी शायद अब उनमें अब रुपयों के नाम की दीमक लगने लगी है फलस्वरूप रिश्तों में प्रेम की जगह पैसे लेने लगे हैं। ऐसे में संस्कृति और मूल्यों को बचाने के लिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधी राखी का सम्मान करने की। क्योंकि राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है। लेन—देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है। बल्कि जहां लेन—देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्तें कैसे बन पाएंगे। इतिहास मे कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमे युद्ध के दौरान श्री कृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्री कृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी मे से एक टुकड़ा बाँधा दिया था, और इस उपकार के बदले श्री कृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट मे द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़ कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था। कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अतरू उसने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेज कर रक्षा की याचना की।

# महिलाओं के उन्नति की प्रतिबद्धता

**—हरि जयसिंह—**



लाल किले से स्वतंत्रता दिवस पर अपने 98 मिनट के भाषण में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत 2047' विजन के तहत महिलाओं की उन्नति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मुख्य विषय के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों की त्वरित जांच और कठोर दंड का आह्वान किया, ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी सरकार की पहलों पर भी प्रकाश डाला जिसमें स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं की वृद्धि, वित्तीय स्वतंत्रता में वृद्धि, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अधिक प्रतिनिधित्व शामिल है। उन्होंने मातृत्व अवकाश को 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह करने जैसे नीतिगत बदलावों का उल्लेख किया और महिलाओं के लिए अधिक न्यायपूर्ण समाज को बढ़ावा देने के लिए समान नागरिक संहिता की वकालत की। जबकि हमें भारत की विविध संस्कृति और बढ़ती अर्थव्यवस्था पर गर्व होना चाहिए, हम महिलाओं के खिलाफ हिंसा के व्यापक मुद्दे को नजरअंदाज नहीं कर सकते। अकेले 2022 में, भारत में महिलाओं के खिलाफ 445,000 से अधिक अपराध दर्ज किए गए, जिनमें बलात्कार और घरेलू हिंसा शामिल हैं और कई और शायद रिपोर्ट ही नहीं किए गए। 1972 में मथुरा केस और 2012 में निर्भया केस जैसे हाई—प्रोफाइल मामलों ने विधायी सुधारों को जन्म दिया है, फिर भी भारतीय महिलाओं के लिए न्याय की राह में महत्वपूर्ण बाधाएं बनी हुई हैं।

आइए इस महीने की शुरूआत में 31 वर्षीय पोस्ट—ग्रैजुएट ट्रेनी डाक्टर का मामला लेते हैं, जिसकी हत्या आर.जी. कर मैडीकल कॉलेज के एक सैमीनार हॉल में की गई थी, जहां वह नाइट ड्यूटी पर थी। उसका शव अर्धनग्न अवस्था में बलात्कार और गला घोंटने के निशानों के साथ मिला, जिस पर गंभीर चोटें थीं। पास में, उसके कपड़े और बालों के साथ खून से लथपथ गद्दा मिला। कुछ पुलिस सूत्रों का अनुमान है कि बलात्कार से पहले उसकी हत्या की गई होगी। संदिग्ध संजय रॉय को अपराध स्थल पर उसका ब्लूटूथ हैडफोन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया और उसके घर से खून से सना जूता बरामद किया गया। कोलकाता पुलिस में नागरिक स्वयंसेवक के रूप में कार्यरत रॉय का दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी का इतिहास रहा है। हत्या के बाद डाक्टरों और चिकित्सा समुदाय ने विरोध—प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जो सी.सी.टी.वी. कवरेज की कमी, डाक्टरों के लिए अपर्याप्त विश्राम क्षेत्र और रात में बाहरी लोगों की जांच नहीं होने का हवाला देते हुए अस्पताल में बेहतर सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा और विपक्षी दलों पर राजनीतिक लाभ के लिए मामले का फायदा उठाने का आरोप लगाया है। बनर्जी ने दावा किया कि इन दलों ने बंगाल को बदनाम करने के लिए अभियान चलाते हुए सोशल मीडिया लाइक और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस घटना का इस्तेमाल किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की, जिन्होंने उनकी सरकार पर आरोपियों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था, उन्होंने अन्य राज्यों में इसी तरह की घटनाओं से निपटने के कांग्रेस के तरीके पर सवाल उठाया। I कि उनकी सरकार बंगाल के खिलाफ बदनामी बर्दाश्त नहीं करेगी, लेकिन वह आरोपियों के लिए मृत्युदंड का समर्थन करती है। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा जांच को सी.बी.आई. को सौंपने के फैसले के बाद, उन्होंने रविवार तक अपराधी को फांसी देने का आह्वान किया। फरवरी 2015 में, तुर्की में 20 वर्षीय विश्वविद्यालय की छात्रा ओजगेकन असलान की हत्या ने महिलाओं के खिलाफ और सरकार की अपर्याप्त प्रतिक्रिया के खिलाफ व्यापक आक्रोश और राष्ट्रव्यापी विरोध को जन्म दिया। असलान के मामले ने उसकी हत्या की क्रूरता के कारण अभूतपूर्व ध्यान आकर्षित किया था। इस बढ़ते ध्यान का एक और कारण यह था कि मीडिया ने अपराध की चरम हिंसा को असलान की उच्च नैतिक चरित्र और विनम्रता की छवि के साथ कैसे तुलना की। उसे एक सदाचारी और विनम्र छात्रा के रूप में चित्रित किया गया था, उसका एकमात्र 'दोष' यह था कि वह स्कूल के बाद एक मिनी बस में अकेली थी, जो शॉपिंग मॉल जा रही थी। भारत में, लैंगिक—आधारित हिंसा का अक्सर राजनीतिकरण किया जाता है, और पीड़ितों को न्याय के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ सकता है। राजनेताओं के सांस्कृतिक दृष्टिकोण और खारिज करने वाली टिप्पणियां समस्या को बनाए रखती हैं और अक्सर महिलाओं पर दोष मढ़ती हैं।

महिलाओं को बिना किसी डर के जीने का हक है और इस मौलिक मानव अधिकार को बनाए रखने के लिए भारत में और अधिक काम करने की जरूरत है। सरकार को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। प्रधानमंत्री मोदी को निर्णायक कार्रवाई के साथ नेतृत्व करना चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूर्ण—प्रमाणित कदम सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों को शामिल करना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि महिलाएं हमारे समाज का मूल हैं और हमें उनके सम्मान और सुरक्षा की रक्षा करनी चाहिए। यह हमारी परंपरा है और हम इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बस्ती

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन संख्या के स्वामियो/क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका परिषद बस्ती में बिचाराधीन है सम्बन्धित पक्षो को धारा 147 (2) की नोटिस भेजी जा चुकी है आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद बस्ती के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सहनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 | प्रापर्टी आई0डी0 | आवेदन संख्या | वर्तमान नाम | प्रास्तावित नाम | | अधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | 0951701001024763R/ | PM5172425003097/ | रामरती पत्नी सत्यनारायण | रंजना जायसवाल | राजेश कुमार | रजि0 वसीयत |
| 2 | 0951701001024321R/ | PM5172425003096/ | श्रीमती रामरती देवी पत्नी सत्य नरायन जायसवाल | रजनी जायसवाल | अजय कुमार जायसवाल | रजि0 वसीयत |
| 3 | 0951701006030615R/ | PM5172425003090/ | श्री रणजीत 1/3 भाग पुत्रगण वासदेव, श्री राजेश कुमार पुत्र जयनारायन पूनम लता पुत्रवधू स्व० जयनरायन 1/3 भाग, गुरू प्रसाद, राम रूप अजय कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार, विवेक कुमार पुत्रगण स्व० परशुराम 1/3 भाग | रंजीत सोनी | भोला नाथ सोनी | रजि0 सेल डीड |
| 4 | 0951701006031024R/ | PM5172425003091/ | श्रीमती मतीगां पत्नी श्री वजी फारूकी | मो० फुरकान | वजीह फारूकी | वारिसान |
| 5 | 0951701002033768R/ | PM5172425003079/ | उमाशंकर मिश्र | सन्नी कुमार कसौधन | शिव नाथ कसौधन | रजि० सेल डीड |
| 6 | 0951701001023858R/ | PM5172425003077/ | श्री दिनेश प्रसाद पुत्र घुरहू प्रसाद | सुनीता देवी | मन मोहन गुप्ता | रजि० सेल डीड |
| 7 | 0951701007030595R/ | PM5172425003078/ | शिवनाथ पुत्र दुर्गा प्रसाद | करन जायसवाल | शिवनाथ जायसवाल | रजि० वसीयत |
| 8 | 0951701005036073R/ | PM5172425003074/ | विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व० हरि शंकर गुप्ता | शिवम गुप्ता | विजय कुमार गुप्ता | रजि० सेल डीड |
| 9 | 0951701003022652R/ | PM5172425003071/ | श्रीमती जाहिदा खातून पत्नी मोहम्मद काजिम | मोमिना खातून | सहबान अली | रजि० सेल डीड |
| 10 | 0951701006030226R/ | PM5172425003070/ | इरशाद मोहम्मद पुत्र जान मोहम्मद | शमशाद | इरशाद मोहम्मद | वारिसान |
| 11 | 0951701003022253R/ | PM5172425003069/ | श्री विजय कुमार पुत्र स्व० रामचन्दर | भोला नाथ सोनी | राम चन्दर | रजि० सेल डीड |
| 12 | 0951701005023047R/ | PM5172425003066/ | उमाशकर श्रीवास्तव पुत्र | वन्दना श्रीवास्तव | नवीन कुमार श्रीवास्तव | रजि० वसीयत |
| 13 | 0951701003021236R/ | PM5172425003067/ | अख्तर अली | खुर्शीद अख्तर | मोहम्मद अख्तर | वारिसान |
| 14 | 0951701005027107R/ | PM5172425003065/ | श्रीमती उषा देवी शुक्ला पत्नी स्व० अष्टभुजा प्रसाद शुक्ल | अमित शुक्ला | डॉ० अष्टभुजा प्रसाद शुक्ला | रजि० वसीयत |
| 15 | 0951701004020810R/ | PM5172425003063/ | बुद्धूलाल पुत्र मेवालाल | गेना देवी राम चन्द्र | बुद्धिलाल | वारिसान |
| 16 | 0951701007031140R/ | PM5172425003060/ | राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय वकील | माधुरी पाण्डेय | राजेन्द्र नाथ पाण्डेय | वारिसान |
| 17 | 0951701004023876R/ | PM5172425003057/ | रामबली पुत्र मथुरा | राजेन्द्र प्रसाद तिवारी | राम चन्द्र तिवारी | वारिसान |
| 18 | 0951701006030399R/ | PM5172425003058/ | हीरा लाल पुत्र नीवर | मुराती देवी | हीरा लाल | वारिसान |
| 19 | 0951701006024722R/ | PM5172425003055/ | श्री उदित नरायन श्रीवास्तव पुत्र श्याम नरायन | संजय कुमार श्रीवास्तव | उदित नारायण लाल श्रीवास्तव | वारिसान |
| 20 | 0951701004018591R/ | PM5172425003054/ | अरूण कुमार पाण्डेय पुत्र | मोहम्मद आमीर | जमालुद्दीन | रजि० सेल डीड |
| 21 | 0951701004021878R/ | PM5172425003053/ | अली अहमद पुत्र गद्दर खां | जहीर खान | अली अहमद खॉन | वारिसान |
| 22 | 0951701004036949R/ | PM5172425003051/ | श्री हारून रसीद पुत्र स्व० सर्फुद्दीन, बदरूद्दीन पुत्र खुदाबक्स | नजमा खातून | हारून रशीद | रजि० सेल डीड |

शेष तीन पर—

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | 0951701006020266R / | PM5172425003050 / | शिवपूजन पुत्र वंशराज | संजय कुमार | शिव पूजन प्रसाद | वारिसान |
| 24 | 0951701004025801R / | PM5172425003046 / | असलम, अकरम पुत्र स्व० अब्दुल राशीद, श्रीमती तम्मतुन्निशा पुत्र वधू स्व० अब्दुल रशीद, मोहम्मद अरशद मोहम्मद अफसर, मोहम्मद अफजल पौत्र स्व० अब्दुल राशीद, श्रीमती नाजनी श्रीमती शहजादी, खुशनुमा पौत्री स्व० अब्दुल रशीद | जहीदा | अफजल अहमद | रजि0 सेल डीड |
| 25 | 0951701008031928R / | PM5172425003045 / | श्री राम शंकर मौर्य | शिव विशाल मौर्या | राम शंकर मौर्या | वारिसान |
| 26 | 0951701008033015R / | PM5172425003044 / | श्री सुरेन्द्र बहादुर पुत्र राम प्रसाद, श्री मधुर कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री विजयबहादुर श्रीवास्तव एवं श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, ज्योतिकुमार श्रीवास्तव पुत्रगण श्री कुवर बहादुर श्रीवास्तव | विवेक श्रीवासाव | मधुर कुमार श्रीवास्तव | वारिसान |
| 27 | 0951701008034389R / | PM5172425003043 / | डॉ० सूर्यभान सिंह तोमर पुत्र गजराज सिंह | शालीनी तोमर | नवीन चौहान | वारिसान |
| 28 | 0951701008033142R / | PM5172425003041 / | श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव पत्नी वीरेन्द्र कुमार | विरेन्द्र कुमार लाल | राम शकर लाल | वारिसान |
| 29 | 0951701008031413R / | PM5172425003039 / | श्री मुर्तजा गुल हसन पुत्र नवी | मुबारक हुसैन | मुर्तुजा हुसैन | वारिसान |
| 30 | 0951701008032270R / | PM5172425003037 / | श्री परदेशी पुत्र हीरालाल | सुरेश कुमार | परदेशी | रजि सेल डीड |
| 31 | 0951701007030053R / | PM5172425003038 / | कलावती देवी पत्नी श्री बृजलाल | राजेश कुमार | बृजलाल | वारिसान |
| 32 | 0951701005019147R / | PM5172425003035 / | श्रीमती चन्द्रावती देवी पुत्री गंगा नरायन तिवारी | हेमन्त कुमार मिश्रा | विरेश्वर प्रसाद मिश्रा | रजि० वसीयत |
| 33 | 0951701006030615R / | PM5172425003036 / | श्री रणजीत 1/3 भाग, पुत्र वासदेव श्री राकेश कुमार, | रजीत सोनी | भोला नाथ सोनी | रजि० सेल डीड |
| | | | पुत्र स्व0 जयनारायन पूनम लता पुत्र बधू स्व0 जयनरायन 1/3 भाग, गुरु प्रसाद, राम रूप अजय कुमार, विजय कुमार अशोक कुमार, विवेक कुमार पुत्रगण स्व0 परशुराम 1/3 भाग | | | |
| 34 | 0951701008032546R / | PM5172425003033 / | श्री पी०एच० पाण्डेय | सुरेमनी पाण्डेय | विश्वनाथ पाण्डेय | रजि० सेल डीड |
| 35 | 0951701007028757R / | PM5172425003030 / | शोहरत पाण्डेय राम उजागिर पुत्र राम ओरी पाण्डेय श्रीमती सीता पति पत्नी राम बचन पाण्डेय | विजय प्रकाश पाण्डेय | राम बचन पाण्डेय | वारिसान |
| 36 | 0951701008033403R / | PM5172425003031 / | श्री बृज नरायन दूबे श्री मनोज कुमार पुत्रगण स्व० हरीश चन्द्र दूबे | बृज नारायन दुबे | हरिश चन्द्र दूबे | रजि० सेल डीड |
| 37 | 0951701004021987R / | PM5172425003029 / | श्रीमती सोनबरसा देवी पत्नी श्री हरीराम | परमात्मा प्रसाद | हरिद्वार प्रसाद | रजि० सेल डीड |
| 38 | 0951701008032327R / | PM5172425003025 / | सुरेन्द्र नाथ दिलजन पुत्र रामेन्द्र नाथ दिलजन | उषा दिलजन | सुरेन्द्र नाथ सिंह दिलजान | वारिसान |
| 39 | 0951701006030615R / | PM5172425003024 / | श्री रणजीत 1/3 भाग पुत्रगण वासदेव, श्री राकेश कुमार पुत्र स्व० जयनरायन, | रंजीत सोनी | भोला नाथ सोनी | रजि० सेल डीड |
| | | | पूनम लता पुत्रवधू स्व० जयनरायन 1/3 भाग, गुरू प्रसाद, राम रूप, अजय कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार, विवेक कुमार पुत्रगण स्व० परशुराम 1/3 भाग | | | |
| 40 | 0951701005021298R / | PM5172425003020 / | हनुमान प्रसाद श्रीवास्तव, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव हरि प्रसाद श्रीवास्तव पुत्रगण इन्द्रजीत लाल श्रीवास्तव | यादवेन्द्र मिश्रा | केशव प्रसाद मिश्रा | रजि० सेल डीड |
| 41 | 0951701006020021R / | PM5172425003018 / | श्री निशान्त चौधरी पुत्र हृदयलाल चौधरी, श्रद्वा, रिचा. दीक्षा पुत्रीगण हृदयलाल चौधरी | राजेश वर्मा | संग्राम वर्मा | रजि० सेल डीड |
| 42 | 0951701005027120R / | PM5172425003010 / | शिव कुमार अग्रवाल पुत्र नन्द किशोर | पूनम ओझा | अम्बिकेश्वर ओझा | रजि० सेल डीड |
| 43 | 0951701007020561R / | PM5172425003009 / | सकीना सुल्ताना बेगम पत्नी अजमतुल्ला व श्री इरफान अहमद, रिजवान अहमद पुत्रगण श्री अजमतुल्ला | रिजवान अहमद | अजमतुल्लाह | रजि० वसीयत |
| 44 | 0951701003019093R / | PM5172425003003 / | कतारू, नाटे पुत्र टीड़ी मृतक | कन्हैया लाल सोमनाथ | कतारू | वारिसान |
| 45 | 0951701003021708R / | PM5172425003002 / | कतारू पुत्र टीड़ी | कन्हैया लाल सोमनाथ | कतारू | वारिसान |

अधिशाषी अधिकारी

नगर पालिका परिषद, बस्ती

पत्रांकः– 2753/B /न0पा0प0 बस्ती/कर अनुभाग/विज्ञप्ति/2024–25   दिनांकः–17 अगस्त 2024






## पहाड़ी नाले में उफान से 15 गांव बाढ़ की चपेट में, प्रशासन सक्रिय

**संवाददाता–बलरामपुर।** पहाड़ी नाले में उफान से महराजगंज तराई के 15 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। रास्तों पर पानी भरने के कारण आवागमन प्रभावित हो गया है। वहीं, राप्ती नदी भी चेतावनी बिंदु से ऊपर पहुंच गई है। इसे देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है।

पहाड़ी खरझार नाले में शनिवार की रात एकाएक पानी बढ़ गया। सुबह जब ग्रामीणों की नींद खुली तो गांव के चारों ओर पानी भरा दिखाई दिया। इससे अफरा तफरी मच गई। बाढ़ का पानी कुछ लोगों के घरों में घुस गया है। ऐसे में लोग बचाव की कोशिश में लगे हुए हैं। पानी सड़क पर बहने के कारण आवागमन बंद हो गया है। स्कूल व पंचायत सचिवालय में भी पानी भर गया है।

पहाड़ी नाले में उफान के कारण रामगढ़ मैटहवा, विजयीडीह, शांतिपुरवा, जगरामपुरवा, लहेरी, सुगानगर, लोनियनपुरवा, औरहिया, सहबिनिया, साहेबनगर, पटोहाकोट, पूरे छीटन, अमरहवा कला, अमरहवा खुर्द, तिवारी डीह, बनकटवा, लोहेपनिया, जमुनपुर व दादव गांव बाढ़ की चपेट में है। वहीं, नेपाल के कुसुम क्षेत्र में बारिश के कारण राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। राप्ती नदी चेतावनी बिंदु 103.630 मीटर के सापेक्ष 103.650 मीटर तक पहुंच गई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है। नेपाल राष्ट्र में एवं जनपद में भारी बारिश होने के कारण राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। नेपाल में बारिश के कारण राप्ती नदी का जलस्तर सोमवार को डेंजर लेवल तक पहुंचने की संभावना है। इसके दृष्टिगत नागरिकों को नदी के किनारे या बाढ़ के पानी में न जाने और बच्चों, बूढ़ों को पानी से दूर रहने को कहा गया है। बाढ़ को देखते हुए कंट्रोल रूम के नंबर– 05263–236250, 9170277336 व 8960010336 या टोल फ्री नम्बर 1077 पर कॉल करके मदद प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार तहसील सदर में स्थापित तहसील स्तरीय कन्ट्रोल रूम के नम्बर 05263–234024, तुलसीपुर 9454416070 या 8400696224 तथा उतरौला में 9454416061 या 05265–252469 पर कॉल किया जा सकता है।

## मंदिर में पुजारी की सोते समय रॉड से हमलाकर हत्या, सिर पर किया गया था वार



**संवाददाता–बहराइच।** जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा गांव में स्थित ढेलहा समय माता मंदिर में सो रहे पुजारी पर शनिवार रात लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया जिससे पुजारी को इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। पुजारी की पत्नी ने नामजद तहरीर दी है जिस पर पुलिस करवाई कर रही है। रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोबरहा पंडितपुरवा निवासी तेजराम (45) ग्राम पंचायत एलिहा के मजरा ढेलहा में स्थित समय माता मंदिर में पुजारी थे। पत्नी रामावती ने थाने में तहरीर देकर कहा कि पति तेजराम लगभग 20 से 25 वर्ष से मंदिर के पुजारी का काम करते थे। वह मंदिर में ही रहते थे। शनिवार रात 10 बजे के आसपास सोते समय राम चंदर चौहान निवासी हर्राजपुर ने लोहे के रॉड से सिर पर हमला कर दिया। जिस पर वह चोट लगने से चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर सभी दौड़े। घायल पुजारी को सीएचसी से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रात 12 बजे के आसपास रास्ते में पुजारी की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर रविवार सुबह काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। प्रभारी थानाध्यक्ष राजमन यादव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है। समय माता मंदिर के पुजारी की पत्नी रामवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि तीन से चार दिन पहले उनके पति और आरोपी के बीच विवाद हुआ था। इसी को लेकर वह रंजिश रख रहा था। उसने रात में हमला कर दिया जिससे पति की मौत हो गई।

## तेज आंधी और बारिश से पुलिस थाने में भरा पानी, पेड़ गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त, जवान परेशान

**संवाददाता–बहराइच।** तेज बारिश ने बहराइच के नेपाल सीमा पर स्थित चौकी में पानी भर गया और आंधी से पेड़ सरकारी वाहन पर गिर गया। बताया गया कि बारिश के मौसम में यहां अक्सर जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ता है। नेपाल सीमा पर रूपईडीहा बीओपी में तैनात सहायक कमांडेंट बासुकी नंदन पांडे ने बताया कि बीती रात तेज आंधी और मूसलाधार बारिश की वजह से प्रातः लगभग 4रू30 बजे 42वीं वाहिनी के बी समवाय सीमा चौकी रूपईडीहा में सरकारी वाहन सं. न्ध्32म्ळ 1582 बोलेरो के ऊपर पुलिस थाना रूपईडीहा स्थित सागौन का पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ है। थाने के साथ लगने वाली दीवार भी गिर गई है। समवाय कैम्पस में अत्यधिक लगभग 2.5 फीट पानी भर गया है जिससे सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में पानी घुस गया है, जिसे निकालने हेतु दो प्राइवेट पम्प की व्यवस्था की गई है।

नियंत्रण कक्ष के उपकरणों को समय रहते उंचे स्थान पर शिफ्ट किया गया है। आपको बता दे कि सब सीमा चौकी रुपईडीहा में सामान्य बारिश में भी जल भराव की समस्या बनी रहती है। नल से काफी नीचे रुपईडीहा सीमा चौकी स्थित है इसलिए आए दिन सामान्य बारिश में भी जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है।

